ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

**C**

**CCE PF**
**CCE PR**
**NSR & NSPR**

Question Paper Serial No. **302**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**(ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Private Fresh & Private Repeater / NSR & NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 08. 04. 2022 ] [ Date : 08. 04. 2022

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ-1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10**

1. 'शिक्षित' शब्द का विलोम रूप है –

 (A) शिक्षा (B) अशिक्षित

 (C) दीक्षा (D) शिक्षण ।

2. 'बेटा' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

 (A) बेटी (B) पोती

 (C) सुत (D) पुत्र ।

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

 (A) डिब्बा (B) दायरा

 (C) कमरा (D) किताबें ।

4. 'चलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

 (A) चल (B) चलनशील

 (C) चलाना (D) चिल्लाना ।

5. 'पर्वतावली' शब्द में संधि है –

 (A) दीर्घ (B) गुण

 (C) वृद्धि (D) यण् ।

6. निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है –

(A) माता-पिता (B) चौमास

(C) भरपेट (D) राजवंश ।

7. बड़ा अच्छा सवाल है !

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्ण विराम (B) विस्मयादिबोधक

(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम ।

8. अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम ..................... हुआ ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) के (B) से

(C) का (D) में ।

9. 'पवन' शब्द का पर्यायवाची रूप है –

(A) वायु (B) अग्नि

(C) धरती (D) आकाश ।

10. 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) शाम होना (B) अंधेरा होना

(C) दोपहर होना (D) प्रभात होना ।

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **5 × 1 = 5**

11. गिल्लू की प्रिय लता : सोनजुही : : गिल्लू का प्रिय खाद्य : .......................

12. बसंत : अहीर टीला : : पंडित राजकिशोर : .......................

13. भोला-भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : .......................

14. कावेरी : नदी : : जोग : .....................

15. जलालुद्दीन : जीजा : : शम्शुद्दीन : ....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **5 × 1 = 5**

16. लेखक प्रेमचंदजी को दुकान में क्या नज़र आया ?

17. गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाती थी ?

18. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

19. भारत के खेत कैसे हैं ?

20. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 10 × 2 = 20**

21. ई-गवर्नेन्स क्या है ?

22. दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

23. बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?

24. बचेंद्री पाल का बचपन कैसे बीता ?

25. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

26. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

27. नर किन-किन को एक समान लाँघ सकता है ?

28. शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?

29. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

**अथवा**

सत्य के स्वरूप के बारे में लेखक के विचार स्पष्ट कीजिए ।

30. सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ?

**अथवा**

शनि ग्रह का निर्माण किन गैसों से हुआ है ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** **11 × 3 = 33**

31. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए ।

32. नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन के विचार स्पष्ट कीजिए ।

33. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? बताइए ।

34. लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए ।

35. बचेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी कैसे की ? बताइए ।

36. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ? स्पष्ट कीजिए ।

37. मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

38. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय बताइए ।

39. कवि सियारामशरण गुप्त जी ने समय के महत्व का वर्णन कैसे किया है ? स्पष्ट कीजिए ।

40. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

41. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **3 × 4 = 12**

42. कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

कर्नाट क की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।

43. पंडित राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

'बसंत एक ईमानदार बालक है ।' इस बात का समर्थन कीजिए ।

44. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ................................................

.............................................................

.............................................................

............................................... भागो तुम ।

**VII.** 45. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5**

भारत को अपनी जिस परंपरा पर गर्व है उसमें, सब से प्राचीन भाषाओं में एक, तमिल का बहुत बड़ा योगदान है । कोई दो हज़ार वर्ष पूर्व तमिलनाडु के किसी नगर में एक जुलाहा रहता था । उसका स्वभाव बड़ा शांत और निश्चल था । वह किसी भी कारण से कभी क्रोधित नहीं होता था । लोग उसके पास कोई समस्या लेकर जाते तो अपने आचरण से उसका समाधान कर देता था । उसके इस शांत स्वभाव के कारण लोग उसे 'संत जुलाहा' कहा करते थे ।

अ) प्राचीन भाषाओं में किस भाषा का बहुत बड़ा योगदान है ?

आ) जुलाहे का स्वभाव कैसा था ?

इ) जुलाहे के पास लोग क्यों जाते थे ?

ई) उसे 'संत जुलाहा' क्यों कहा जाता था ?

उ) जुलाहा कहाँ रहता था ?

**VIII.** 46. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 5 = 5**

क) **वन महोत्सव**

* प्रस्तावना
* वृक्षों का महत्व और उपयोग
* वनों के नाश व कारण
* वृक्षों की रक्षा के उपाय
* उपसंहार ।

ख) **स्वच्छ भारत अभियान**

* प्रस्तावना
* स्वच्छता का महत्व
* स्वच्छ परिसर और मानव
* स्वच्छता के उपाय
* उपसंहार ।

ग) **इंटरनेट का योगदान**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ इंटरनेट का अर्थ
- ✳ इंटरनेट के उपयोग
- ✳ इंटरनेट का योगदान
- ✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

47. परीक्षा तैयारी के बारे में अपनी माताजी को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।